# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 06.12.2018

श्री बी.के. अग्रवाल अतिरिक्त सदस्य (उत्पादन इकाई)/रेलवे बोर्ड ने आज दिनांक 06.12.2018 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का निरीक्षण किया । इस निरीक्षण में महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा भी उनके साथ शामिल थे । श्री अग्रवाल ने कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यो का विस्तृत रुप से जानकारी ली और कोचों की गुणवत्ता एवं संरक्षा संबंधी मापदंडों पर गहन रुप से विचार विमर्श किया ।

श्री अग्रवाल ने इस वित्तीय वर्ष के केवल 8 महीनें में 844 कोच का उत्पादन करने हेतु आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली की प्रशंसा की, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 711 कोच का उत्पादन किया गया था । इसके उपरांत श्री अग्रवाल ने रेलवे बोर्ड द्वारा दिए उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु योजनओं की भी जानकारी ली।

इसके उपरांत श्री अग्रवाल के प्रधान विभागाध्यक्षों के मीटिंग कर भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया तथा मेट्रो कोच, बुलेट कोच बनाने की संभावनाओं एवं संसाधनों के बारे चर्चा की । इस दौरान प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनुप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री ए.के.पाण्डेय, प्रधान वित्त सलाहकार श्री दावा छेरिंग व अन्य वरिष्ठ विभागध्यक्ष भी उपस्थित थे ।

06/12/18

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी